

# चेपॉक में पंजाब की शानदार जीत

## चेन्नई सुपर किंग्स का 209 रन का लक्ष्य भी पड़ा कम

**चेन्नई 3 अप्रैल. आईपीएल 2026 के रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को उनके ही घरेलू मैदान चेपॉक में 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की. 210 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने संयम, आक्रामकता और सही समय पर तेज़ रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया.**

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने मजबूत प्रदर्शन किया और 20 ओवरों में 209 रन बनाए. टीम के लिए आयुष म्हात्रे ने 73 रन की शानदार पारी खेली और पारी की रीढ़ बने. उनके अलावा मिडिल ऑर्डर ने भी योगदान दिया, जिससे टीम 200 के पार पहुंचने में सफल रही. हालांकि, इतना बड़ा स्कोर भी चेन्नई के लिए सुरक्षित साबित नहीं हुआ.



पंजाब किंग्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत से ही सकारात्मक बल्लेबाज़ी दिखाई. ओपनिंग से लेकर मिडिल ऑर्डर तक बल्लेबाज़ों ने रन गति को बनाए रखा और दबाव को हावी नहीं होने दिया.

श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए 50 रन बनाए और टीम को स्थिरता दी. उन्होंने मिडिल ओवर्स में पारी को संभाला और रन चेज़ को सही दिशा में बनाए रखा. उनके साथ अन्य बल्लेबाज़ों ने भी छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारियां खेलीं.

पंजाब की जीत का सबसे बड़ा कारण डेथ ओवर्स में उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी रही. आखिरी ओवरों में बल्लेबाज़ों ने तेजी से रन बटोरे और चेन्नई के गेंदबाज़ों को पूरी तरह दबाव में ला दिया.

### स्कोर बोर्ड

चेन्नई सुपर किंग्स बल्लेबाजी

| बल्लेबाज | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 7 | 7 | 1 | 0 |
| गायकवाड़ | 28 | 22 | 2 | 0 |
| आयुष म्हात्रे | 73 | 43 | 6 | 5 |
| शिवम दुबे | 45 | 27 | 5 | 1 |
| कार्तिक शर्मा | 1 | 3 | 0 | 0 |
| सरफराज | 32 | 12 | 6 | 1 |
| प्रशांत वीर | 6 | 7 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** 17 **कुल** 209/5

**गेंदबाजी पंजाब-** अर्शदीप सिंह 4-0-41-0, जेवियर बार्टलेट 4-0-48-1, मार्को जेनसेन 4-0-43-1, विजय वैशाक 4-0-38-2, युजवेंद्र चहल 3-0-21-1, मार्कस स्टोइनिस 1-0-17-0.

किंग्स इलेवन पंजाब बल्लेबाजी

| बल्लेबाज | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्य | 39 | 11 | 3 | 4 |
| प्रभसिमरन सिंह | 43 | 34 | 6 | 1 |
| कूपर कॉनॉली | 36 | 22 | 6 | 0 |
| श्रेयस अय्यर | 50 | 29 | 4 | 3 |
| नेहल वढेरा | 10 | 9 | 0 | 1 |
| शशांक सिंह | 14 | 6 | 2 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस | 9 | 3 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त** 9 **कुल** 210/5

**गेंदबाजी चेन्नई-** खलील अहमद 3-0-28-0, मैट हेनरी 4-0-54-2, अंशुल कंबोज 3.4-0-43-2, नूर अहमद 4-0-38-0, राहुल चाहर 4-0-46-0



## मछुआरे का काम करने वाले अब्दुल ने लंबी कूद में जीता स्वर्ण पदक

**जगदलपुर.** अब्दुल फताह ज्यादातर रातों को समुद्र में होते हैं, जहां वे मछुआरे बनकर अपने परिवार की रोजी-रोटी कमाने में मदद करते हैं. जैसे ही सुबह होती है, वे सीधे ट्रेनिंग ग्राउंड की ओर निकल पड़ते हैं और एक एक अलग सपने का पीछा करते हुए लक्षद्वीप को 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' 2026 में पहला पदक दिलाया. कवरत्ती और कदमत द्वीपों के बीच स्थित, दूरदराज के अमीनी द्वीप जो लगभग 2.7 किमी लंबा और 1.2 किमी चौड़ा है, और जिसका कुल भू-क्षेत्रफल 2.60 वर्ग किमी है के 18 वर्षीय लॉन्ग जम्पर ने अब्दुल फताह ने जगदलपुर के क्रीड़ा परिसर मैदान में 7.03 मीटर की अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता.

# कोमालिका अर्जुन ने जीते स्वर्ण पदक

**खेलो इंडिया जनजातीय खेलों का समापन**

**कर्नाटक 23 स्वर्ण के साथ बना चैंपियन**

**30 राज्यों के 3800 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा**



**रायपुर, 03 अप्रैल. खेलो इंडिया जनजातीय खेलों में झारखंड की कोमालिका बारी और ओडिशा के अर्जुन खारा ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया. हालांकि व्यक्तिगत उपलब्धियों के बावजूद कर्नाटक ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखते हुए समग्र चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया.**

रायपुर में आयोजित खेलो इंडिया जनजातीय खेलों का समापन शानदार प्रदर्शन और कड़े मुकाबलों के साथ हुआ, जहां देशभर से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया. इस प्रतियोगिता में झारखंड की कोमालिका बारी और ओडिशा के अर्जुन खारा ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं, लेकिन पदक तालिका में कर्नाटक का दबदबा बरकरार रहा. पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन कोमालिका बारी ने महिला रिकर्व तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया. उन्होंने फाइनल मुकाबले में गुजरात की भार्गवी भगोरा को हराकर जीत दर्ज की. इससे पहले वह मिश्रित टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण जीत चुकी थीं, जिससे उनका प्रदर्शन इस प्रतियोगिता में बेहद प्रभावशाली रहा. पुरुष रिकर्व वर्ग में ओडिशा के अर्जुन खारा ने अपने ही राज्य के खिलाड़ी सोमनाथ हेम्ब्रम को फाइनल में हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया. हालांकि टीम स्पर्धा में ओडिशा को झारखंड के खिलाफ 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें टीम स्वर्ण से वंचित रहना पड़ा. इस प्रतियोगिता में कुल 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 3800 खिलाड़ियों ने भाग लिया. नौ खेल विधाओं में आयोजित इन मुकाबलों में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे. इनमें तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती प्रमुख खेल रहे, जबकि मल्लखंभ और कबड्डी को प्रदर्शन खेलों के रूप में शामिल किया गया.

> पदक तालिका की बात करें तो कर्नाटक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर समग्र चैंपियन का खिताब अपने नाम किया. कर्नाटक ने प्रतियोगिता के पहले दिन से ही बढ़त बना ली थी और पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा कायम रखा. ओडिशा ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया. वह 50 से अधिक पदक जीतने वाली एकमात्र टीम रही, जिसने कुल 57 पदक अपने नाम किए. झारखंड ने 16 स्वर्ण, 8 रजत और 11 कांस्य पदकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया.

### एक नजर में

## मैच के बाद एलएसजी मालिक और पंत की बातचीत से खड़ा हुआ विवाद



नयी दिल्ली. लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका और कप्तान ऋषभ पंत के बीच मैच के बाद हुई एक छोटी लेकिन तीखी बातचीत आईपीएल 2026 में चर्चा का मुख्य विषय बन गई है. दिल्ली कैपिटल्स से एलएसजी की हार के बाद, इस घटना ने टीम मालिकों की भूमिका और फ्रेंचाइजी क्रिकेट की कार्यप्रणाली पर नई बहस छेड़ दी है. यह घटना तब ज़्यादा चर्चा में आई जब गोयनका और पंत के बीच हुई तीखी बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. कई लोगों ने इस पल को हार के बाद हुई एक तनावपूर्ण चर्चा के तौर पर देखा. इस क्लिप पर प्रतिक्रिया देते हुए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा, 'टूर्नामेंट का अभी तो बस एक ही मैच हुआ है... ऐसे में इस तरह की बातचीत की कोई जरूरत नहीं थी.' उन्होंने संकेत दिया कि प्रतियोगिता के इतने शुरुआती चरण में इस तरह की बातचीत अनावश्यक थी. यह विवाद तब और गहरा गया जब आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने गोयनका के रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि वे 'उनके व्यवहार से सचमुच शर्मिंदा हैं.



## अभिषेक शर्मा पर लगा मैच फीस के 25 प्रतिशत का जुर्माना

**कोलकाता, 03 अप्रैल.** सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा पर गुरुवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है. उन्होंने अनुच्छेद 2.3 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सज़ा मान ली. आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघनों के लिए, मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है.

# निकहत, प्रिया और प्रीति सेमीफाइनल में

## भारत के तीन पदक पक्के

**उलानबटार, 03 अप्रैल. मंगोलिया के उलानबटार में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के पांचवें दिन, निकहत ज़रीन, प्रिया और प्रीति पवार ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिससे भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं.**



भारतीय अभियान की अगुवाई करते हुए, निकहत ज़रीन महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टरफाइनल में पूरी तरह से हावी रहीं. उन्होंने अपने दबदबे भरे प्रदर्शन में पहले ही राउंड में आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) के आधार पर फिलीपींस की जियान बागुहिन को हरा दिया. अब सेमीफाइनल में उनका सामना अब तक की सबसे कठिन चुनौती से होगा, जब वे चीन की वू यू (पेरिस 2024 ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता) के खिलाफ रिंग में उतरेंगी.

महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग में, प्रिया ने संयम और रणनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए चीन की चेंग्यू यांग को 4-1 से हराया और टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा. फाइनल में जगह बनाने के लिए अब उनका अगला मुकाबला मंगोलिया की नामून मोंखोर से होगा. इस बीच, महिलाओं के 54 किलोग्राम वर्ग में, विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता प्रीति पवार ने दिन का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया.

> उन्होंने मंगोलिया की मुगुंटसेतसेग को 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की. सेमीफाइनल में प्रीति का सामना एक बेहद मजबूत प्रतिद्वंद्वी से होगा-कोरिया की इम एजी, जो पेरिस 2024 ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और 2025 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता हैं. यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है. पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में, दीपक क्वार्टरफाइनल में जॉर्डन के ज़ियाद ईशाश से 1-4 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए. तीन पदक पहले ही पक्के हो जाने और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ जारी रहने के साथ, इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भारत का अभियान लगातार गति पकड़ रहा है.




## मेघालय की 39वें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयारियां तेज

शिलांग. खेल एवं युवा मामलों के आयुक्त और सचिव डॉ. विजय कुमार डी. ने बताया कि मेघालय सरकार ने 2027 में राज्य में आयोजित होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों के लिये अपनी तैयारियाँ तेज कर दी हैं और अब पूरे राज्य में टीमों को प्रशिक्षण की गतिविधियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं. डॉ. कुमार डी. ने कहा कि मेघालय को खेलों की महाशक्ति बनाने के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा के दृष्टिकोण के अनुरूप, राज्य, खेल बुनियादी ढांचे, एथलीटों के विकास और युवाओं की भागीदारी में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है. डॉ. कुमार डी.ने बताया कि विभिन्न खेलों में टीमों की तैयारी और एथलीटों के विकास को बढ़ावा देने के लिए 27 राज्य खेल संघों को प्रथम चरण के रूप में 40 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है. उन्होंने कहा, 'इस दृष्टिकोण के मूल में सरकार का भरोसे पर आधारित मॉडल है, जो संघों को कार्यात्मक स्वायत्तता के साथ सशक्त बनाता है. इस समर्थन ने संघों को स्वतंत्र रूप से खेल उपकरण खरीदने, प्रशिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति करने तथा विशिष्ट प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने में सक्षम बनाया है.'

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराया

**बासटेयर,03 अप्रैल अलाना किंग ( 19 रन देकर पांच विकेट ) के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फीबी लिचफील्ड ( नाबाद 68 ) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से शिकस्त दी.**



इसी के ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली. अलाना किंग को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और फीबी लिचफील्ड 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला. टॉस जीतकर वेस्टइंडीज ने गुरुवार रात पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम लेग-स्पिनर अलांना किंग के पांच विकेटों की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण के आगे 35.4 ओवरों में महज 136 रनों पर ऑल आउट हो गई. इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.4 ओवर में एक विकेट पर 137 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया. वेस्टइंडीज ने पावरप्ले में एक विकेट पर 49 का स्कोर बनाकर अच्छी शुरुआत की. ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम लड़खड़ाई और 19वें ओवर तक उनका स्कोर पांच विकेट पर 78 रन हो गया. 38 रनों की शुरुआती साझेदारी के अलावा, एकमात्र उल्लेखनीय साझेदारी रियालेना ग्रिमंड और चिनेल हेनरी के बीच 37 रनों की थी. ग्रिमंड 27वें ओवर में किंग का शिकार बनीं और उसके बाद पारी तेजी से बिखर गई, क्योंकि निचले क्रम के बल्लेबाज कोई खास संघर्ष नहीं कर पाए.



# बार्सिलोना महिला चैंपियंस के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड, 03 अप्रैल. एफसी बार्सिलोना ने गुरुवार को दूसरे लेग में अपने घरेलू मैदान पर रियल मैड्रिड को 6-0 से रौंदकर महिला चैंपियंस लीग के सेमीफ़ाइनल में जगह बना ली है.**

कैंप नोउ में 60,000 से ज़्यादा फ़ैन्स ने बार्सिलोना का दबदबा देखा. यह मुक़ाबला पहले लेग में ही 6-2 की जीत के साथ लगभग तय हो चुका था, जो बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड के घरेलू मैदान पर हासिल की थी. क्लब के लिए अपना 500वां मैच खेल रहीं अलेक्सिया पुटेलस ने आठवें मिनट में पहला गोल किया. उन्होंने यह गोल तब किया जब मीसा रोड्रिग्ज़ ने इवा पाजोर के शुरुआती शॉट को रोक दिया था. इसके बाद पुटेलस ने 15वें मिनट में कैरोलिन ग्राहम हानसेन को उनके दो गोलों में से पहला गोल करने में मदद की. फिर 27वें मिनट में इरीन परेडेस ने एक कॉर्नर किक पर हेडर से गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया.

## बॉल टैंपरिंग के खिलाफ फखर की अपील खारिज़



लाहौर. लाहौर क़लंदर्स के बल्लेबाज फ़ख़र ज़मान 3 अप्रैल को मुल्तान सुल्तांस और 9 अप्रैल को इस्लामाबाद यूनाइटेड के ख़िलाफ होने वाले मैचों में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि पीएसएल टेक्निकल कमेटी ने मैच रेफ़री रोशन महानामा द्वारा लगाए गए दो मैचों के प्रतिबंध को बरकरार रखा है. यह सजा गेंद की स्थिति में बदलाव (बॉल टैंपरिंग) के कारण उन्हें दी गई थी. फ़ख़र ने इस फ़ैसले के ख़िलाफ़ अपील की थी, जो पीएसएल के कोड ऑफ कंडक्ट के तहत उनका अधिकार है. महानामा ने 2026 सीजन में उनके पहले लेवल-3 अपराध के लिए अधिकतम सजा सुनाई थी. फ़ख़र ने इस आरोप को चुनौती दी थी, जिसकी सुनवाई के बाद यह फ़ैसला लिया गया. पीएसएल के नियमों के अनुसार, पहली बार लेवल-3 अपराध के लिए खिलाड़ी को कम से कम एक मैच और अधिकतम दो मैचों का निलंबन दिया जा सकता है. पीसीबी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, 'अपील की सुनवाई पीएसएल टेक्निकल कमेटी ने की, जिसमें प्रोफ़ेसर जावेद मलिक, डॉ. मुमरायज नक़शबंद और सैयद अली नक़ी शामिल थे. सभी सबूतों की समीक्षा और संबंधित लोगों की बात सुनने के बाद, कमेटी ने अपील को खारिज कर दिया और रोशन महानामा द्वारा दिए गए दो मैचों के प्रतिबंध को बरक़रार रखा. कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार, पीएसएल टेक्निकल कमेटी का फैसला अंतिम और सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है.

### इंडियन प्रीमियर लीग | राजस्थान की शानदार लय, अहमदाबाद में बड़े स्कोर के आसार

# वैभव सूर्यवंशी को रोकना गुजरात की प्राथमिकता



**अहमदाबा, 03 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में शनिवार को गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने वाले मुकाबले में 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी सबसे बड़े आकर्षण होंगे. अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से तहलका मचा रहे सूर्यवंशी को जल्दी आउट करना गुजरात के लिए जीत की कुंजी साबित हो सकता है.**

इंडियन प्रीमियर लीग का रोमांच अपने चरम पर है और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला एक बार फिर दर्शकों को उत्साहित करने वाला है. गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच यह टक्कर अनुभव और युवा जोश का शानदार संगम पेश करेगी.

इस मैच का सबसे बड़ा आकर्षण युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी हैं, जिन्होंने बेहद कम उम्र में अपनी बल्लेबाजी से सबको प्रभावित किया है. उनकी निडर और तेज बल्लेबाजी विपक्षी टीमों के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है. ऐसे में गुजरात की टीम उन्हें शुरुआती ओवरों में आउट करने की रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी. गुजरात टाइटंस की शुरुआत इस सत्र में उम्मीद के अनुरूप नहीं रही है. टीम का शीर्ष क्रम अभी तक पूरी तरह लय में नहीं दिखा है. शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर जैसे बड़े नाम होने के बावजूद टीम को मजबूत शुरुआत नहीं मिल रही है. कप्तान गिल से इस मुकाबले में बड़ी पारी की उम्मीद होगी, जबकि सुदर्शन को अपनी पुरानी लय हासिल करनी होगी. मध्यक्रम में ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और शाहरुख खान जैसे खिलाड़ी मौजूद हैं, लेकिन उनका प्रदर्शन अभी तक स्थिर नहीं रहा है. हालांकि, फिलिप्स जैसे खिलाड़ी किसी भी समय मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं. गेंदबाजी में गुजरात की टीम संतुलित नजर आती है.

> राजस्थान रॉयल्स इस मुकाबले में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेगी. टीम ने अपने पहले मैच में शानदार जीत दर्ज कर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया है. राजस्थान की बल्लेबाजी इस समय बेहतरीन लय में है. यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी की ओपनिंग जोड़ी शुरुआती ओवरों में तेजी से रन बनाकर विपक्ष पर दबाव बनाती है. मध्यक्रम में रियान पराग और ध्रुव जुरेल टीम को स्थिरता देते हैं, जबकि शिमरॉन हेटमायर अंत में तेजी से रन बनाकर मैच खत्म करने में माहिर हैं. मौसम साफ रहने की उम्मीद है, जिससे मैच में किसी तरह की बाधा नहीं आएगी.

> गेंदबाजी में भी राजस्थान के पास संतुलन और अनुभव दोनों मौजूद हैं. जोफ्रा आर्चर अपनी तेज गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं, जबकि रवींद्र जडेजा किफायती गेंदबाजी और अनुभव के साथ टीम को मजबूती देते हैं. रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा भी अहम भूमिका निभा सकते हैं. अहमदाबाद की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है. यहां बड़े स्कोर बनना आम बात है और पहली पारी में 200 से अधिक रन बनाना एक मजबूत स्कोर माना जाता है. शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिल सकती है.